हमारे शरीर में हार्मोन्स का काफी महत्व है. इसके असंतुलन से कई तरह की समस्याएँ पैदा होती हैं. हार्मोन्स शरीर की सभी गतिविधियों को नियंत्रित करते हैं. ये हमारे शरीर की वृद्घि और विकास के लिए जरूरी हैं और जब हार्मोन के स्राव में असंतुलन होता है तो शरीर के पूरे सिस्टम में गड़बड़ी आ जाती है. स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है कि हमारे शरीर में जरूरी हार्मोन्स का स्तर संतुलित रहे. हॉर्मोन की गड़बड़ी से कई स्वास्थ्य समस्याएँ शुरू हो जाती हैं. क्यों जरूरी है हार्मोन संतुलन और उनसे निपटने के तरीके. **क्यों जरूरी है हार्मोन संतुलन:-** हर्मोन असंतुलन होने पर कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधित समस्यायें हो जाती हैं. हार्मोस न सिर्फ शरीर की वृद्धि और विकास को प्रभावित करते हैं, बल्कि सभी तंत्रों की गतिविधियों को नियंत्रित भी करते हैं. स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है कि हमारे शरीर में हमारे शरीर में हार्मोन का संतुलन बना रहे. हार्मोन्स शरीर को ही नहीं मस्तिष्क और भावनाओं को भी प्रभावित करते हैं. खानपान में अनियमितता, व्यायाम की कमी, तनाव आदि के कारण इसमें असंतुलन हो जाता है. इसे संतुलित रखना बहुत मुश्किल नहीं है. आसान तरीकों से आप इसपर नजर रख सकते हैं. **हार्मोन के बारे में जानिये:-** हार्मोन किसी कोशिका या ग्रंथि द्वारा स्नवित ऐसे रसायन हैं जो शरीर के दूसरे हिस्से में स्थित कोशिकाओं को प्रभावित करते हैं. शरीर का विकास, मेटाबॉलिज्म और इम्यून सिस्टम पर इनका सीधा प्रभाव होता है. हमारे शरीर में कुल 230 हार्मोन होते हैं, जो शरीर की अलग-अलग क्रियाओं को नियंत्रित करते हैं. हार्मोन की छोटी-सी मात्रा ही कोशिका के मेटाबॉलिज्म को बदलने के लिए पर्याप्त है. यह एक केमिकल मैसेंजर की तरह एक कोशिका से दूसरी कोशिका तक निर्देश पहुँचाते हैं. अधिकतर हार्मोन्स का संचरण रक्त के द्वारा होता है. कुछ हार्मोन दूसरे हार्मोन को भी नियंत्रित करते हैं. **हॉर्मोंस असंतुलन के लक्षण:-** यह सच है कि लाइफस्टाइल, डाइट और शारीरिक गतिविधि के जरिए आप वजन पर काबू रख सकते हैं. लेकिन बात यहीं खत्म नहीं होती. कई महिलाओं के शरीर में हार्मोन का स्तर बिगड़ जाता है. इससे उनके लिए वजन काबू कर पाना मुश्किल हो जाता है. इनसुलिन के स्तर की अनेदखी और प्रतिरोधकता में बढ़ोत्तरी भी वजन बढ़ने का कारण हो सकती है. आहार में छोटे-मोटे बदलाव कर इस समस्या से बचा जा सकता है. प्रोसेस्ड फूड, चीनी और गेहूँ से बने उत्पादों से दूरी रखकर आप सही दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं. दोपहर होते-होते थकान आप पर पूरी तरह हावी हो चुकी होती है. कभी'कभी ऐसा होना कोई बड़ी परेशान करने वाली बात नहीं. लेकिन, रोज-रोज सुस्त, बिखरा रहना और मानसिक रूप से परेशान रहना अच्छे संकेत नहीं है. अपनी आहार योजना में बदलाव कीजिये. अपने आहार से गेहूँ और अनाज से बनी चीजों को बाहार कर दें. इससे आपको रक्त शर्करा को संतुलित करने में मदद मिलेगी. रक्त शर्करा नियंत्रित होने पर आप बेहतर ऊर्जा के साथ काम कर सकेंगे. आपका मूड सही नहीं है. यह दवा विक्रेता के पास जाने का वक्त नहीं है. चिंता और अवसाद इस बात का संकेत है कि आपके शरीर में कुछ हॉर्मोंस असंतुलित हैं. आपके शरीर में विषाक्ता बढ़ गई और आप पर काम का अधिक बोझ है. तनाव आपको शिथिल कर रहा है. और साथ ही आपके शरीर को उतना पोषण नहीं मिल रहा जिसकी उसे जरूरत है. अपने भीतर की आवाज सुनें. दिमाग को जरूरी आराम दीजिये. इसके साथ ही योग, ध्यान और व्यायाम से भी अपने मस्तिष्क को जरूरी पोषण दीजिये. अपने आहार में ओमेगा फैटी-3 एसिड युक्त आहार, जैसे मछली, बादाम और अखरोट जैसे खाद्य पदार्थों को शामिल कीजिये. हार्मोन बिगड़ने पर लोगों में शारीरिक तनाव और कार्टिसोल का स्तर बढ़ने लगता है. इससे आपको नींद ना आने की शिकायत होने लगती है. अनिद्रा आपके जीवन के हर हिस्से को बुरी तरह प्रभावित करती है. नींद न आने की समस्या से बचने के लिए आपको शांत रहने की कोशिश करनी चाहिये. अपने आहार में बदलाव कीजिये और शाम के समय हल्का भोजन कीजिये. व्यायाम, योग, ध्यान और पोषक आहार आपको अनिद्रा की समस्या से बचा सकते हैं. कई महिलाओं में रात को पसीना और हॉट फ्लेशज की शिकायत होती है. यह किसी गड़बड़ी की पहली आशंका होते हैं. यह हॉर्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी करवाने का वक्त नहीं होता. लेकिन अपने आहार में बदलाव करने का वक्त जरूर होता है. आपको अपने शारीरिक और मानसिक जरूरतों में संतुलन बनाकर रखना चाहिये. कई बार भावनायें भी भीतरी तापमान बढ़ा सकती हैं. अधिक तेल मसाले वाले खाने से बचने की कोशिश करें. साथ ही जब आपको हॉट फ्लैश की शिकायत होने लगे तो अपने मस्तिष्क में चल रहे विचारों को नियंत्रित करने का प्रयास करें.






## क्यों होती है रक्त में आयरन की कमी और क्या हैं इन्हें दूर करने के उपाय

वास्तव में अनीमिया कोई बीमारी नहीं है, लेकिन यह कई बीमारियों का कारण बन सकती है. समय रहते इस पर काबू पाकर सेहत संबंधी कई गंभीर समस्याओं से बचा जा सकता है. • **रक्त में आयरन:-** बदलती जीवनशैली और आहार संबंधी गलत आदतों के कारण रक्त में आयरन की कमी या अनीमिया पीड़ितों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है. वास्तव में अनीमिया कोई बीमारी नहीं है, लेकिन यह कई बीमारियों का कारण होती है. समय रहते इस पर काबू पाकर सेहत संबंधी कई गंभीर समस्याओं से बचा जा सकता है. • **रक्त में आयरन की कमी:-** शरीर को स्वस्थ रहने के लिए अन्य पोषक तत्वों के साथ-साथ खून की भी जरूरत होती है. खून ही शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं का निर्माण करता है. ये कोशिकाएँ ही शरीर में हीमोग्लोबिन बनाने का काम करती हैं. हीमोग्लोबिन फेफड़ों से ऑक्सीजन लेकर रक्त में ऑक्सीजन पहुँचाता है. इसलिए आयरन की कमी से शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी हो जाती है और हीमोग्लोबिन कम होने से शरीर में ऑक्सीजन की कमी होने लगती है. **आयरन की कमी के लक्षण:-** वैसे तो व्यक्ति के रक्त में आयरन की कमी है या नहीं, इसके लिए हीमोग्लोबिन की जाँच की जाती है. जाँच में निकलने पर मान लिया जाता है कि व्यक्ति रक्त में आयरन की कमी का शिकार है. लेकिन व्यक्ति के शरीर में आने वाले कुछ बदलाव भी इसके लक्षण हो सकते हैं. • **बहुत अधिक थकान:-** शरीर में एनर्जी का संबंध ऑक्सीजन के संचार से होता है. अगर शरीर में रक्त में आहार के स्तर में कमी है तो ऑक्सीजन का संचार सही तरीके से नहीं होगा. जिससे आपको थकान महसूस होगी. अगर आपको भी हर समय थकान महसूस होती है, तो हो सकता है कि आपके शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं की कमी हो. • **चेहरे और आँखों के रंग में बदलाव:-** त्वचा और आँखों के रंग से शरीर में खून की कमी का अंदाजा लगाया जा सकता है. अनीमिक होने पर त्वचा का रंग पीला या सफेद दिखता है जो सामान्य गोरापन नहीं होता है. इसके अलावा, आँखों के ऊपरी भाग बिल्कुल सफेद दिखने से भी शरीर में खून की कमी का पता लगाया जा सकता है. • **लगातार होने वाला सिरदर्द:-** कुछ लोगों में बिना किसी कारण के बहुत अधिक सिरदर्द की शिकायत रहती हैं. खून में आयरन की कमी से ऑक्सीजन मस्तिष्क तक सही मात्रा में नहीं पहुँच पाता, जिससे सिरदर्द की शिकायत बनी रहती है. अगर आपको भी बार-बार सिरदर्द होता है तो आपको अनीमिया हो सकता है. • **नाखूनों पर सफेद धब्बे:-** आपने देखा होगा कि कई बार हमारे नाखूनों पर छोटे-छोटे सफेद धब्बे हो जाते हैं. क्या आप जानते हैं कि नाखूनों पर होने वाले यह सफेद धब्बे शरीर में खून की कमी के लक्षण होते हैं. इसके अलावा नाखून का कमजोर होना भी रक्त की कमी का लक्षण होता है. • **साँस लेने में दिक्कत और कमजोरी:-** खून की कमी होने पर कई बार साँस लेने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है. बहुत अधिक चलने व सीढ़ी चढ़ने जैसी गतिविधियों के दौरान साँस लेने में दिक्कत महसूस होने लगती है. इसके अलावा सुबह उठते ही बहुत अधिक कमजोरी भी महसस़ू होती है. • **खून की कमी दूर करने के उपाय:-** अकेली रक्त में खून की कमी, कई बीमारियों की जड़ होती है. इसे जड़ को खत्म करने के लिए संतुलित और पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेना बहुत जरूरी है. अनीमिया को दूर करने के लिए माँस, अंडा, मछली, किशमिश, सूखी खुबानी, हरी बीन्स, पालक और हरी पत्तेदार सब्जियाँ जैसे आयरन से परिपूर्ण आहार का सेवन महत्वपूर्ण होता है. इसके अलावा भोजन से जुड़ी कुछ चीजों खून की कमी को दूर करने में मददगार होती है. • **चुकंदर:-** चुकंदर आयरन का अच्छा स्त्रोत है. इसको रोज खाने में सलाद या सब्जी के रूप में शामिल करने से शरीर में खून की कमी नहीं होती. • **हरी पत्तेदार सब्जी:-** पालक, ब्रोकोली, पत्तागोभी, गोभी, शलजम और शकरकंद जैसी सब्जियाँ सेहत के लिए बहुत अच्छी होती हैं. इनके नियमित सेवन से वजन कम होने के साथ-साथ शरीर में खून में आयरन की मात्रा बढ़ती है. और पेट भी ठीक रहता है. • **फल:-** तरबूज, सेब, अंगूर, किशमिश और अनार जैसे फल खाने से खून बढ़ता है. अनार खाना अनीमिया में काफी फायदा करता है. इसलिए रक्त में आयरन की कमी को दूर करने के लिए प्रतिदिन अनार का सेवन जरूर करें. • **सूखे मेवे:-** खजूर, अखरोट, बादाम और किशमिश जैसे सूखे मेवों का खूब प्रयोग करना चाहिए। इसमें आयरन की पर्याप्त मात्रा होती है और यह तेजी से रेड ब्लड सेल बढ़ाते हैं. आयरन की कमी को पूरा करने के लिए मूंगफली का सेवन भी फायदेमंद है. • **अनाज:-** अनाज में भरपूर मात्रा में आयरन होने के कारण, इसके सेवन से रक्त में आयरन की कमी दूर होती है. हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ाने के लिए भोजन में गेहूँ और सूजी की बनी चीजे बहुत फायदेमंद हैं.

### 01 जून से 28 जून तक के त्यौहार

| | |
|---|---|
| 01.06.2020 | गंगा दशहरा |
| 02.06.2020 | गायत्री जयन्ती, निर्जला एकादशी, रामलक्ष्मण द्वादशी |
| 03.06.2020 | प्रदोष व्रत |
| 04.06.2020 | वैकासी विसाकम |
| 05.06.2020 | ज्येष्ठ पूर्णिमा, वट पूर्णिमा, चन्द्र ग्रहण, पूर्णिमा उपवास, कबीरदास जयन्ती |
| 06.06.2020 | आषाढ़ प्रारम्भ |
| 08.06.2020 | संकष्टी चतुर्थी |
| 13.06.2020 | कालाष्टमी |
| 14.06.2020 | मिथुन संक्रान्ति |
| 17.06.2020 | योगिनी एकादशी |
| 18.06.2020 | प्रदोष व्रत, मासिक कार्तिगाई |
| 19.06.2020 | मासिक शिरात्रि |
| 20.06.2020 | दर्श अमावस्या, रोहिणी व्रत |
| 21.06.2020 | आषाढ़ अमावस्या, सर्य ग्रहण, साल का सबसे बड़ा दिन |
| 22.06.2020 | चन्द्र दर्शन, गुप्त नवरात्रि प्रारम्भ |
| 23.06.2020 | जगन्नाथ रथयात्रा |
| 24.06.2020 | विनायक चतुर्थी |
| 26.06.2020 | स्कन्द षष्ठी |
| 27.06.2020 | अष्टाहिनका विधान प्रारम्भ |
| 28.06.2020 | मासिक दुर्गाष्टमी |

## Happy Birthday

| D.O.B. | NAME | FIRM | MOB. | CITY | STATE |
|---|---|---|---|---|---|
| 01.06.80 | SHRI ANKUSH GARG JI | GARG ENTERPRISES | 9837320400 | HAPUR | UTTAR PRADESH |
| 01.06.72 | SHRI ATUL THAKKER JI | SIMS BIOTEEN | 9825453520 | AHMEDABAD | GUJRAT |
| 01.06.76 | SHRI ANIL DHARMA PATIL JI | SURESH MEDICAL & GEN. STORE | 9320121137 | THADA | MAHARASHTRA |
| 01.06.76 | SHRI ANIL KUMAR JI | TRUST MEDICOSE | 9837433295 | MUZAFFARNAGAR | UTTAR PRADESH |
| 11.06.71 | SHRI AMITABH PRADHAN JI | SUNCARE PHARACEUTICAL | 9300039377 | INDORA | MADHYA PRADESH |
| 13.06.68 | SHRI ASHOK JAIN JI | SUBHAM MEDICALS | 9414263211 | UDAIPUR | RAJASTHAN |
| 15.06.85 | SHRI AMIT BOMBORIA JI | PHARMEX GENERIC | 9826421103 | INDORA | MADHYA PRADESH |
| 17.06.85 | SHRI AMIT AHUJA JI | M.R. GLENMARK | 9992017685 | AMBALA | HARYANA |
| 22.06.73 | MOHD .ASIF | CHAUHAN MEDICAL | 9837791848 | GULAOTHI | UTTAR PRADESH |
| 25.06.83 | MOH. AJMAL KHAN | NEW DESI DAWA GHAR | 9415313955 | GORAKHPUR | UTTAR PRADESH |
| 25.06.75 | SHRI ASHISH KUMAR GUPTA JI | HARIOM MEDICAL AGENCIES | 9935139954 | GORAKHPUR | UTTAR PRADESH |
| 25.06.81 | SHRI ASHU TASH GUPTA JI | HARI KRIPA PHARMA | 9935785441 | LUCKNOW | UTTAR PRADESH |
| 26.06.71 | SHRI ARUN RAJANI JI | AJAT MEDICAL STORE | 9370767647 | GORAKHPUR | UTTAR PRADESH |
| 26.06.59 | SHRI ARJUN SINGH JI | WIDHWA AGENCY | 9414444867 | MADHOPUR | RAJASTHAN |

मैडीकल दर्पण मीडिया हाऊस की तरफ से आप सभी को जन्म दिन की हार्दिक शुभकामनायें

# COVID-19 SPECIAL PAGE

## घर में रहें, सुरक्षित रहें, सुरक्षा ही बचाव है

### अमेरिकी बाजार में भारतीय फार्मा निर्यात को मिला बड़ा अवसर!

अब भारतीय फार्मा निर्यात (Indian pharma eñports) के लिए एक अच्छी खबर है. दरअसल, कोविड-19 महामारी की वजह से घरेलू और विदेशी नियमित निगरानी निरीक्षणों को स्थगित करते हुए अतिरिक्त वैकल्पिक निरीक्षण उपकरणों को लागू करने के अमेरिकी खाद्य और औषधि प्रशासन (एफडीए) (US Food and Drug Administration (FDA)'s) के फैसले ने भारतीय फार्मा निर्यात के लिए अच्छी तरह से वृद्धि की है. बता दें कि, वर्तमान में भारतीय दवा कंपनियों (Indian pharmaceutical companies) के पास अमेरिकी बाजार (US market) में जेनेरिक दवा की आपूर्ति का लगभग 40 प्रतिशत है। इंडियन फार्मास्युटिकल एलायंस (Indian Pharmaceutical Alliance (IP Alliance) के महासचिव सुदर्शन जैन ने कहा कि अमेरिकी दवा नियामक के लेंस के तहत कई भारतीय दवा संयंत्रों को पिछले दो महीनों में सकारात्मक परिणाम मिले हैं, जो फार्मा निर्यात के लिए सकारात्मक संकेत हैं. उदाहरण के लिए, विशाखापत्तनम में ल्यूपिन की सक्रिय दवा सामग्री (एपीआई) यूनिट को मध्य मई में एक स्थापना निरीक्षण रिपोर्ट (ईआईआर) प्राप्त हुई। इस वर्ष जनवरी में यूएस FDA द्वारा इस सुविधा का निरीक्षण किया गया था। इससे पहले, ल्यूपिन के पीथमपुर प्लांट -I और नागपुर प्लांट्स (दोनों फॉर्मुलेशन मेकिंग यूनिट्स) को अप्रैल में ईआईआर मिला था. एलेम्बिक के पेलाव प्लांट को 4 मई, 2020 को EIR प्राप्त हुआ। मार्च 2020 में US FDA द्वारा इस प्लांट का निरीक्षण किया गया. डॉ. रेड्डीज मिर्यालगुडा के प्लांट को 9 अप्रैल, 2020 को EIR प्राप्त हुआ। मार्च 2020 में US FDA द्वारा प्लांट का निरीक्षण किया गया. आईपी एलायंस के महासचिव ने कहा, फार्मा कंपनियों ने गुणवत्ता अनुपालन में सुधार के लिए काम किया है, जिसके परिणामस्वरूप ईआईआरएस की कमी देखने को मिली है. वहीं, ईआईआर के अलावा, अमे. रिका में कई दवाओं की कमी ने भारतीय दवा निर्माताओं के लिए एक अवसर पैदा किया है. जैन ने आगे कहा, निश्चित रूप से यह एक अवसर है, लेकिन अमेरिका में उत्पादों का निर्यात करते समय गुणवत्ता बनाए रखने की आवश्यकता है. दरअसल, भारत और दुनिया भर में लॉकडाउन के कारण आपूर्ति श्रृंखला व्यवधान ने निर्यात को प्रभावित किया और इसके बाद दवा की कमी हो गई. आम तौर पर, FDA यह सुनिश्चित करने के लिए दवा कंपनियों के विनिर्माण संयंत्रों का निरीक्षण करता है ताकि वे अमेरिकी नियमों का पालन कर सकें. इस अभूतपूर्व समय में, यूएस एफडीए ने 11 मई को घोषणा की कि उसने घरेलू और विदेशी दिनचर्या निगरानी निरीक्षणों को स्थगित कर दिया है और अपनी सीमाओं पर भौतिक परीक्षाओं और उत्पाद नमूने जैसे उपायों का उपयोग, कंपनी के अनुपालन इतिहास की समीक्षा और विदेशी द्वारा साझा की गई जानक. ारी का उपयोग करेगा. IP Alliance us US FDA के इस कदम का स्वागत किया है। आईपी एलायंस के महासचिव ने कहा कि यूएस एफडीए की तरह, दुनिया के अन्य सभी दवा नियामक निरीक्षण के लिए वैकल्पिक दृष्टिकोणों को देखते हुए रोगियों को गुणवत्ता वाली दवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रहे हैं.

### FPME की मांग, कहा- निर्यातकों के पास 100 करोड़ के टर्नओवर के लिए IEC कोड हो

फेडरेशन ऑफ फार्मास्युटिकल मर्चेंट एक्सपोर्टर्स एंड एलाइड प्रोडक्ट्स (FPME) ने मांग की कि सभी निर्यातकों के पास रु100 करोड़ के टर्नओवर के लिए वैध आयात निर्यात कोड (IEC) होना चाहिए. इसके साथ ही 100 करोड़ को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) के रूप में माना जाना चाहिए, जिससे पाकिस्तान, बांग्लादेश और तुर्की के कई व्यापारियों के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए फार्मा व्यापारी निर्यातकों को लाभ हो पाएगा. एफपीएमई के निदेशक संदीप मोदी कहते हैं, "हम वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा घोषित आर्थिक पैकेज और एमएसएमई की परिभाषा में बदलाव का स्वागत करते हैं, लेकिन अभी भी भ्रम की स्थिति है क्योंकि नई परिभाषा में निवेश और टर्नओवर का विकल्प है. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने स्वीकार किया कि इसमें उद्यम के लिए एमएसएमई के रूप में निवेश या टर्नओवर मानदंड हैं. वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "हम COVID-19 स्थिति के कारण लॉजिस्टिक और जनशक्ति चुनौतियों के बावजूद दवाओं और दुनिया की आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने में अपने सदस्यों के प्रयासों का समर्थन करते हैं. हमारे सदस्य यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि दुनिया में दवा की कमी न हो." बता दें कि, भारत सरकार ने इस सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के बीच एक बड़े आर्थिक पैकेज की घोषणा की है, जिस पर विशेष ध्यान दिया गया है. पैकेज में MSMEs सहित व्यवसायों के लिए 3 लाख करोड़ की आपातकालीन कार्यशील पूंजी की सुविधा है. इसके साथ ही एमएसएमई को एमएसएमई विकास अधिनियम, 2006 द्वारा नियंत्रित और विनियमित किया जा रहा है. एफपीएमई ने कहा, हम कस्टम अधिकारी, और कस्टम हाउस एजेंट भागीदारों की भी सराहना करते हैं, जो इस चुनौतीपूर्ण स्थिति में कड़ी मेहनत कर रहे हैं. उनके समर्थन के बिना, निर्यातकों के लिए अपनी सेवाओं को पूरा करना मुश्किल होगा. एफपीएमई एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य नीतिगत विकास और हस्तक्षेपों के लिए सरकार, अर्द्ध-सरकारी, नियामक, विधायी और अन्य व्यापार और उद्योग निकायों में दवा और संबद्ध उत्पाद व्यापारी निर्यातकों का प्रतिनिधित्व करना है. दरअसल, इसे 30 मार्च, 2019 को शामिल किया गया था. वहीं, एफपीएमई के आज केवल एक वर्ष की अवधि में 150 सदस्य हैं और इस वर्ष 500 सदस्यों को जोड़ने की योजना बना रहा है. Pharmexcil आंकड़ों के अनुसार, देश में लगभग 2,000 व्यापारी निर्यातक हैं.

### क्या सच में रेमडेसिविर कोरोना संक्रमितों के लिए होगी वरदान?

रेमडेसिवर पर दुनिया के कई देशों में क्लीनिकल ट्रायल हुए, जिनमें पाया गया कि इस दवा के इस्तेमाल से रोगियों के ठीक होने का समय 15 दिन से घटकर 11 दिन हो जाता है. दरअसल, ये दवा वायरस के जीनोम पर असर करती है, जिससे उसके बढ़ने की क्षमता पर असर पड़ता है. कैलिफोर्निया स्थित अमे. रिकी कंपनी गिलीएड ने ये दवा इबोला बीमारी के लिए बनाई थी. गिलीड ने बुधवार को इस बात की जानकारी दी कि अमेरिका की दवा कंपनी ने कोविड रोगियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवा रेमडेसिविर की आपूर्ति बढ़ाने के लिए भारत और पाकिस्तान की दवा कंपनियों के साथ समझौता किया है. अमे. रिकी फार्मास्युटिकल कंपनी गिलीड ने भारत और पाकिस्तान की पांच दवा कंपनियों के साथ समझौता किया है, जिससे वो 127 देशों में इस दवा को उपलब्ध करा सकेंगी. दरअसल, गिलिड की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि अभी कंपनी ने जिन कंपनियों के साथ समझौता किया है, उसके तहत इन पाँचों कंपनियों को गिलीड से इस दवा को बनाने की टेक्नोलॉजी मिलेगी, जिससे वो दवा का उत्पादन जल्दी कर सकेंगे. बयान के अनुसार इस लाइसेंस के लिए कंपनी तब तक रॉयल्टी नहीं लेगी जब तक कि विश्व स्वास्थ्य संगठन कोविड-19 को लेकर घोषित आपातकाल को वापस नहीं हटा लेता, या इस बीमारी की कोई नई दवा या वैक्सीन को नहीं बना लिया जाता. तो चलिए एक नजर भारत की उन चार कंपनियों पर डालते हैं, जिनके साथ समझौता किया गया है. सिप्ला लिमिटेड, हेटेरो लैब्स लिमिटेड, ज्यूबिलेंट लाइफसाइंसेज और माइलन. वहीं, पाकिस्तान की कंपनी का नाम है फिरोजसन्स लेबोरेट्रीज. हैदराबाद स्थित निजी कंपनी हेटेरो लैब्स के महाप्रबंधक वाम्सी कृष्णा बांदी ने एक न्यूज चौनल से कहा कि अभी ये कहना मुश्किल है कि दवा की कीमत क्या होगी और इसका उत्पादन कब शुरू होगा। उन्होंने आगे कहा, "स्थिति जून में और स्पष्ट होगी. हमारा अनुमान है कि इस दवा का सरकारी संस्थानों के जरिए नियंत्रित इस्तेमाल होगा. हमारा मुख्य उद्देश्य है कि भारत अगर इसका इस्तेमाल करता है तो वो इसे बनाने को लेकर आत्मनिर्भर हो जाए." क्या आप जानते हैं कि एक अरब डॉलर के कारोबार वाली ये कंपनी दुनिया की सबसे बड़ी एंटी-रेट्रोवायरल दवा बनाने वाली कंपनियों में आती है, जो एचआईवी-एड्स के 50 लाख रोगियों को दवा उपलब्ध कराती है. हेटेरो लैब्स दुनियाभर में अपने 36 कारखानों में लगभग 300 तरह की दवाएं बनाती है. फिलहाल भारत में वैज्ञानिकों और दवा नियंत्रकों को ये तय करना है कि वे इस दवा का इस्तेमाल कैसे करेंगे. भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक रमन गंगाखेडकर ने कहा है कि वो इस दवा के इस्तेमाल के बारे में विचार करेंगे यदि भारतीय दवा कंपनियां इन्हें बना सकें. उन्होंने कहा, "प्रारंभिक आंकड़ों से ऐसा लगता है कि ये दवा कारगर है. हम डब्ल्यूएचओ के परीक्षणों के नतीजों की प्रतीक्षा करेंगे और ये भी देखेंगे कि क्या दूसरी कंपनियां भी इस पर काम कर सकती हैं." अमरीकी संस्था नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ एलर्जी एंड इन्फेक्शस डिजीजेस (NIAID) ने इस दवा का क्लीनिकल ट्रायल किया था, जिसमें दुनिया के कई देशों के हॉस्पिटलों में 1,063 लोगों पर परीक्षण किया गया और जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, चीन और दक्षिण कोरिया जैसे देश शामिल हैं. कुछ रोगियों को दवाएं दी गईं जबकि कुछ का प्लैसीबो या वैकल्पिक इलाज किया गया. NIAID के प्रमुख एंथनी फाउची ने कहा, रेमडेसिविर से स्पष्ट देखा गया कि इससे रोगियों में सुधार का समय घट गया है. उन्होंने कहा कि नतीजों से ये सिद्ध हो गया कि कोई दवा इस वायरस को रोक सकती है और इससे रोगियों के इलाज की संभावना का द्वार खुल गया. मगर इस दवा से इस बात का कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिल सका है कि इससे कोरोना संक्रमण से होने वाली मौतों को रोका जा सकता है. जिन रोगियों को रेमडेसिवर दी गई उनमें मृत्यु दर 8 फीसदी पाई गई. वहीं जिन रोगियों का इलाज प्लेसिबो से किया गया उनमें मृत्यु दर 11.6 फीसदी थी.

### फार्मास्युटिकल डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी कैसे शुरू करें?

किसी भी बिजनेस को शुरू करने से पहले हमें उसके हर पहलू को समझना चाहिए. खासकर तब जब बिजनेस के डिस्ट्रीब्यूशन की बात हो. दरअसल, हर बिजनेस का डिस्ट्रीब्यूशन एक डिस्ट्रीब्यूशन चौनल या श्रृंखला के माध्यम से किया जाता है. ठीक दवा उद्योग के मामले में भी यह प्रक्रिया अपनाई जाती है. बता दें कि, एक फार्मास्युटिकल डिस्ट्रीब्यूशन चौनल में फार्मास्युटिकल कंपनी, कैरिंग और फॉरवर्ड एजेंट, स्टॉकएस्ट, थोक व्यापारी, वितरक, एजेंसी, रिटेलर और ग्राहक होते है. डिस्ट्रीब्यूशन श्रृंखला का मूल मकसद उत्पाद/सेवा डिस्ट्रीब्यूटर को अपने ग्राहक तक पहुंचना होता है. फार्मास्युटिकल उद्योग में, रोगी या उसका केयर टेकर अंतिम उपयोगकर्ता है, जो पंजीकृत चिकित्सक के प्रिस्क्रिप्शन के अनुसार दवा के लिए फार्मेसी से मांग करेगा. डिस्ट्रीब्यूशन चैनल काम कैसे करता है? फार्मेसी, केमिस्ट और रिटेल अपने डिस्ट्रीब्यूटर को दवाओं की मांग करेगा. वहीं, एक डिस्ट्रीब्यूटर को अपने थोक व्यापारी और स्टॉकएस्ट से दवाइयां मिलेंगी. स्टॉकएस्ट, कैरिंग और फॉरवर्ड एजेंट से दवा खरीदेगा और कैरिंग और फॉरवर्ड एजेंट को फार्मास्युटिकल कंपनी से स्टॉक मिलेगा. इस तरह दवा क्षेत्र में एक डिस्ट्रीब्यूशन चौनल काम करता है. थोक व्यापारी, स्टॉकएस्ट, डिस्ट्रीब्यूटर और एजेंसी डिस्ट्रीब्यूशन चैनल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है. एक थोक व्यापारी, स्टॉकएस्ट और वितरक एक ही समय में अलग-अलग हो सकते हैं. थोक, स्टॉकएस्ट और डिस्ट्रीब्यूटर बनने के लिए लाइसेंस और दस्तावेज समान हैं. बहुत छोटी रेखा एक दूसरे से अलग करती है, जो उनकी कार्य पद्धति पर निर्भर करती है. ये तो हुई फार्मास्युटिकल डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्य की बात, ठीक उसी तरह हम फार्मास्युटिकल डिस्ट्रीब्यूटर, थोक व्यापारी, स्टॉकएस्ट या एजेंसी को भी समझते हैं. क्या आप जानते हैं कि फार्मास्युटिकल स्टॉकियस्ट, डिस्ट्रीब्यूटर, एजेंसी या थोक व्यापारी खुदरा विक्रेताओं, अस्पतालों, चिकित्सा, शैक्षिक या अनुसंधान संस्थानों या अन्य एजेंसियों को दवाओं, सर्जिकल और अन्य फार्मास्यूटिकल प्रोडक्ट्स की बिक्री में लगे डीलर या उसके एजेंट हैं. ये दवाओं, फार्मास्युटिकल्स और संबंधित उत्पादों के पूरे बिक्री व्यवसाय में लगी होती हैं. वह कैरिंग और फॉरवर्ड एजेंट या कंपनियों से सामान खरीदते हैं. वहीं, इसे फार्मेसियों और केमिस्टों को बेचते हैं. वे बिजनेस टू बिजनेस के तौर पर काम करते हैं. इसके साथ ही उन्हें विशेष मार्जिन मिलता है. उन्हें अपना काम करने के लिए होलसेल ड्रग लाइसेंस नंबर की आवश्यकता होती है. यदि स्टॉकिस्ट का वार्षिक कारोबार 40 लाख से अधिक है, तो अधिकांश स्टॉकिस्ट और डिस्ट्रीब्यूटरों को जीएसटी पंजीकरण संख्या की भी आवश्यकता होती है. अब हम आपको बताएंगे कि कैसे आप फार्मास्युटिकल क्षेत्र में थोक और डिस्ट्रीब्यूटर बिजनेस शुरू कर सकते हैं? चिकित्सा और दवा वितरक बनाने के लिए, व्यक्ति के पास थोक दवा लाइसेंस होना आवश्यक है. दवा होलस. ेल बिजनेस शुरू करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात है थोक दवा लाइसेंस नंबर. राज्य दवा नियंत्रण कार्यालय द्वारा नियुक्त जिला ड्रग लाइसेंसिंग प्राधिकरण द्वारा थोक ड्रग लाइसेंस जारी किया जाता है. दवाओं को विभिन्न रूपों में बेचा जाता है, जो प्रिस्क्रिप्शन ड्रग्स मार्केटिंग, ब्रांडेड ड्रग्स, जेनेरिक ड्रग्स, ओवर द काउंटर ड्रग्स, संस्थागत बिक्री आदि तरिके शामिल हैं. वहीं, प्रिस्क्रिप्शन ड्रग्स का डिस्ट्रीब्यूशन या तो ब्रांडेड दवा के रूप में किया जाता है या जेनेरिक दवा के रूप में. बता दें कि, भारत में जो दवा, पंजीकृत चिकित्सक द्वारा उसके ब्रांड नाम को प्रेस्क्रिब कर के बेची जाती है, वह ब्रांडेड ड्रग्स है, अन्यथा यह जेनेरिक दवाओं के अंतर्गत आता है. अब देखते हैं ब्रांडेड ड्रग और फ्रेंचाइज के बीच अंतर क्या है? वितरक की नियुक्ति दवा कंपनी की सेल्स टीम (मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव , एरिया सेल्स मैनेजर, जोनल सेल्स मैनेजर आदि) द्वारा की जाती है. आप ब्रांडेड मार्केटिंग कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर के लिए उनसे संपर्क कर सकते हैं. यदि आप उपर्युक्त तरीके का चयन नहीं करना चाहते हैं तो आप कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध वितरण फॉर्म भर सकते हैं या उनके विज्ञापन या वेबसाइट पर दिए गए संपर्क नंबर के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं. स्टॉकएस्ट के रूप में आपकी नियुक्ति कंपनी की नीति पर निर्भर करेगी. लाइसेंस प्रक्रिया थोक ड्रग लाइसेंस, माल और सेवा कर पहचान संख्या, FSSAI पंजीकरण और स्थानीय प्राधिकरणों में दुकान पंजीकरण. थोक दवा लाइसेंस परिसर और दुकान पर, सीमेंटेड, छत और फार्मासिस्ट या अनुभवी व्यक्ति थोक दवा लाइसेंस संख्या के लिए लाइसेंसिंग प्राधिकरण थोक ड्रग लाइसेंस के लिए लाइसेंसिंग प्राधिकरण वरिष्ठ ड्रग इंस्पेक्टर या राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किसी भी व्यक्ति को होलसेल लाइसेंस देने के उद्देश्य से है. लाइसेंसिंग प्राधिकरण कार्यालय ज्यादातर जिला मुख्यालय पर मौजूद है. आवेदन कैसे करें सभी दस्तावेजों और आवश्यकता के पूरा होने के बाद, आपको फाइल जमा करने के लिए लाइसेंसिंग प्राधिकरण कार्यालय का दौरा करने की आवश्यकता है. फाइल सबमिशन अधिकांश राज्य में ऑनलाइन है, लेकिन कुछ राज्यों में आपको अभी भी अपनी फाइल मैन्युअल रूप से सबमिट करनी होगी. ऑनलाइन जमा करने के बाद, आपको अपने अपलोड किए गए दस्तावेजों को लाइसेंसिंग प्राधिकरण कार्यालय में भौतिक रूप से जमा करना होगा. एक बार फाइल जमा करने की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद, लाइसेंसिंग प्राधिकरण आपको मेल, फोन नंबर, पत्र या मैन्युअल रूप से लागू होने के माध्यम से परिसर निरीक्षण की तारीख और समय के बारे में सूचित करेगा.

### एनपीपीए ने एन -95 मास्क के निर्माताओं को ब्लैक मार्केटिंग पर अंकुश लगाने के लिए दिया निर्देश!

राष्ट्रीय फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी (एनपीपीए) ने एन-95 मास्क के निर्माताओं, आयातकों और आपूर्तिकर्ताओं को निर्देश दिया है कि गैर-सरक. ारी खरीद के लिए कीमतों में समानता बनाए रखने और काले विपणन पर अंकुश लगाने के लिए उचित मूल्य उपलब्ध कराएं जाएं. दरअसल, एनपीपीए का निर्देश देश में होर्डिंग, कालाबाजारी और एन -95 मास्क के उच्च मूल्य निर्धारण के संबंध में प्राप्त शिकायतों के मद्देनजर दिया गया है. बता दें कि एनपीपीए के एक आदेश में कहा गया कि "कोविड-19 के कारण मौजूदा स्थिति के मद्देनजर, सरकार एचसीडब्ल्यू की पर्याप्त मात्रा में एन -95 की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है. इसके लिए सरकार निर्माताओं, आयातकों और आपूर्तिकर्ताओं से सीधे थोक दरों पर और पूर्व कारखाने की कीमतों पर एन -95 मास्क खरीद रही है. हालांकि, यह देखा गया है कि अन्य खरीददारों (गैर-सरकारी संस्थाओं) को अलग मूल्य पर एन -95 मास्क मिल रहे हैं. वहीं, एनपीपीए ने एआईएमईडी, एमटीएआई, सीआईआई, एफआईसीसीआई और पीडब्ल्यूएमएआई जैसे सभी चिकित्सा उपकरण उद्योग संघों को भी इसका पालन करने का निर्देश दिया है। देश में सस्ती कीमतों पर एन -95 मास्क की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, 13 मार्च, 2020 की अधिसूचना के माध्यम से आवश्यक वस्तु (ईसी) अधिनियम, 1955 के तहत आवश्यक वस्तु के रूप में एन -95 मास्क को अधिसूचित किया गया है। दरअसल, ये ईसी अधिनियम के अनुसार, जमाखोरी और कालाबाजारी अधिनियम के तहत अपराध और दंडनीय है। साथ ही दवा मूल्य नियामक के अनुसार, देश में छ95 मास्क की मांग और आपूर्ति का उल्लेख किया गया है। कोविड-19 के प्रबंधन के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा जारी किए गए मार्गदर्शन के अनुसार, यह मेडिकल मास्क फ्रंटलाइन हेल्थकेयर वर्कर्स (HCWs) के उपयोग के लिए हैं। देश में कोविड-19 के प्रकोप को देखते हुए, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 13 मार्च, 2020 से पूरे देश में आपदा प्रबंधन अधिनियम (DMA), 2005 लागू किया और सभी राज्यों / केंद्रशासित प्रदेशों को पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया। सर्जिकल और प्रोटेक्टिव मास्क, हैंड सैनिटाइजर और ग्लव्स, जो कि उस पर छपी अधिकतम खुदरा कीमतों (MRP) से अधिक नहीं हैं. उपभोक्ता मामलों, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने भी इन वस्तुओं की जमाखोरी, कालाबा. जारी और मुनाफाखोरी को रोकने के लिए ईसी अधिनियम, 1955 के तहत आवश्यक वस्तुओं के रूप में हैंड सेनिटाइजर और मास्क (2चसल और 3 सर्जिकल मास्क और छ95 मास्क) घोषित किए. महाराष्ट्र खाद्य और औषधि नियंत्रण प्रशासन (FDCA) ने उपभोक्ता मामलों, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय को 20 मार्च, 2020 को प्रस्ताव दिया था कि हैंड सेनिटाइजर और मास्क (2चसल और 3चसल सर्जिकल मास्क और छ95 मास्क) के लिए निर्धारित कीमत तय की जाए, जिसके बाद, 21 मार्च, 2020 को उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने अधिसूचना को रद्द कर दिया, 30 जून, 2020 तक 2 प्लाई मास्क, 3 प्लाई मास्क और सैनिटाइजर की कीमतें काफी प्रभावी हुई. हालांकि, पीपीई किट, एन -95 मास्क और इसके समकक्ष मास्क की मांग काफी बढ़ गई है, इसलिए पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य और उचित दर पर उपलब्धता के हित में, इन उत्पादों की कीमतों को भी नियंत्रित करना आवश्यक है. इसके बाद, कपड़ा मंत्रालय ने 24 मार्च, 2020 के एक आदेश के माध्यम से, सभी प्रकार की चिकित्सा सुरक्षा की आपूर्ति के लिए कोविड -19 से संबंधित मास्क, अन्य वस्त्रों की आपूर्ति के उत्पादन, गुणवत्ता और वितरण को विनियमित करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए. कोविड -19 से निपटने के लिए आवश्यक केंद्र सरकार को वस्त्र, सार्वजनिक स्वास्थ्य और इन उत्पादों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उचित दर पर उपलब्धता के हित में, महाराष्ट्र एफडीए आयुक्त अरुण उन्हाले ने एनपीपीए को एन -95 मास्क की कीमता. ', उसके समकक्ष मुखौटा और पीपीई किट को ठीक करने के लिए लिखा था. कोविड-19 प्रकोप की वर्तमान स्थिति में उपभोक्ताओं को इन उत्पादों की सटीक MRP के बारे में पता नहीं है और निर्माता द्वारा मुद्रित मूल्य अत्यधिक है और निजी अस्पतालों में आम जनता, निजी डॉक्टर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और पैरामेडिकल स्टाफ उक्त भुगतान करने के लिए मजबूर हैं.

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय एंटीवायरल दवाई रेमेडिसविर और फेवीपिरवीर को लेकर नहीं है संतुष्ट!

कोरोना से लड़ने में एंटीवायरल ड्रग्स रेमेडिसविर और फेवीपिरवीर की प्रभावशीलता को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय पूरी तरह से अभी संतुष्ट नहीं है. बात दें कि, दवा के उपयोग पर चर्चा के लिए आईसीएमआर, एनसीडीसी, डीसीजीआई, विश्व स्वास्थ्य संगठन, एम्स, डीजीएचएस और पशुपालन मंत्रालय के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की गई. वहीं, एक न्यूज पोर्टल के आधिकारिक बयान के हवाले से कहा गया कि तकनीकी समिति ने इन दो एंटीवायरल दवाओं को कोविड-19 के उपचार में उपयोग के लिए फिट नहीं पाया है, क्योंकि दवाओं के प्रभाव को साबित करने के लिए कोई ठोस सबूत अभी तक सामने नहीं आया है, जिन देशों ने इन दो एंटीवायरल ड्रग्स का इस्तेमाल किया है. वहां कोरोना वायरस के रोगियों पर इसके अच्छे परिणाम नहीं दिखे हैं. इन दो दवाओं की वजह से ना ही तो मृत्यु दर में कमी आई है और ना ही इससे मरीजों के ठीक होने की अवधि में सुधार नजर आया है. बयान मे कहा गया कि अभी तक हम केवल चयनित व्यक्तियों को कोविड-19 के प्रोफिलैक्सिस के रूप में हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन की सलाह देते हैं. भारत की प्रमुख दवा कंपनी सिप्ला लिमिटेड ने गिलीड साइंसेज के साथ कोविड-19 के इलाज की संभावित दवा 'रेमेडिसविर' के विनिर्माण और वितरण के लिए गैर-विशेष लाइसेंसिंग समझौता किया है. अमेरिकी खाद्य एवं दवा प्रशासन (एफडीए) ने कोविड-19 के मरीजों के इलाज के लिए इस दवा को आपातकालीन उपयोग की स्वीकृति दी है.

3 वर्ष तक घर बैठे यह समाचार पत्र पढ़ने के लिये हमारे पंजाब नैशनल बैंक के खाता संख्या 1824002100120081, IFSC Code - PUNB0182400 जो कि मैडीकल दर्पण के नाम से है, में रू० 250/- जमा कर अपना पूरा पता हमारे फोन नं०- 09410434811 पर SMS कर दें।




## कोविड-19 के एंटीबॉडी टेस्ट किट पर आईसीएमआर ने निर्माताओं को किया सूचीबद्ध, दो चीनी फर्म हुई शामिल

कोविड-19 के लिए तेजी से एंटीबॉडी टेस्ट किट पर आईसीएमआर (ICMR) ने पिछले बुधवार को मार्गदर्शन जारी करते हुए अपने निर्माताओं को सूचीबद्ध किया, जिसमें दो चीनी फर्म शामिल हैं, जिनके आयातक द्वारा सीडीएससीओ (CDSCO) द्वारा रद्द किए गए किट के बाद उन्हें आपूर्ति की गई फील्ड स्थितियों के तहत व्यापक भिन्नता दिखाई गई. हालांकि, शीर्ष स्वास्थ्य अनुसंधान निकाय ने अपने मार्गदर्शन में स्पष्ट रूप से कहा कि कोविड -19 संक्रमण के निदान के लिए इन रैपिड एंटीबॉडी परीक्षणों की सिफारिश नहीं की जाती है. वहीं, पिछले महीने केंद्रीय ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (सीडीएससीओ) द्वारा चीनी कंपनियों गुआंगजौ वोंडो बायोटेक और झुहाई लिवजोन डायग्नोस्टिक्स के लाइसेंस रद्द कर दिए गए थे. दोनों कंपनियों के नाम उन फर्मों के बीच एक उल्लेख पाते हैं, जिनके परीक्षण किट अब तक एनआईवी पुणे में मान्य किए गए हैं. इसके साथ ही आईसीएमआर ने पहले कहा था कि ऐसे परीक्षण किट का उपयोग केवल निगरानी के उद्देश्य से किया जाना है. पिछले बुधवार को जारी किए गए मार्गदर्शन के अनुसार, आईसीएमआर ने कहा कि ये परीक्षण रक्त/ सीरम/ प्लाज्मा नमूनों पर किए जा सकते हैं, जिसके परिणाम 30 मिनट के भीतर उपलब्ध होते हैं और संक्रमण के 7-10 दिनों के बाद परीक्षण सकारात्मक आता है. दरअसल, दिए गए बयान में कहा गया कि "परीक्षण संक्रमण के बाद कई हफ्तों तक सकारात्मक रहता है. सकारात्मक परीक्षण SARS-CoV-2 के संपर्क में आने का संकेत देता है, जबकि नकारात्मक परीक्षण कोविड -19 संक्रमण से इंकार नहीं करता है." आईसीएमआर ने आगे इस बात पर जोर देते हुए कहा, "इन परीक्षणों को कोविड -19 संक्रमण के निदान के लिए अनुशंसित नहीं किया जाता है." वहीं, स्वास्थ्य अनुसंधान निकाय ने कहा कि अब तक, 42 एंटीबॉडी आधारित रैपिड परीक्षणों को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी, पुणे में मान्य किया गया है और निम्नलिखित (दस्तावेज में रखी गई सूची) संतोषजनक पाई गई, जिनमें से 10 भारत में निर्मित हैं. आईसीएमआर ने अपने बयान को जारी करते हुए आगे कहा, "इन रैपिड एंटीबॉडी टेस्ट किट को प्रयोगशाला में मान्य किया गया है. हालांकि, किट का प्रदर्शन क्षेत्र की परिस्थितियों में भिन्नता के अधीन हो सकता है. बता दें कि, फर्मों की सूची में एबॉट लेबोरेटरीज जाइडस कैडिला, एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड, इंडिया और सिडक लाइफ केयर प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं. लिमिटेड के अलावा दूसरों के अलावा गुआंगजौ वन्डफो (Wondfo) बायोटेक और जहूहाई लिवजोंन (hZuhai Livzon) डायग्नोस्टिक्स भी शामिल हैं। (आईसीएमआर सूचीबद्ध किट जिन्हें, बैच नंबर के साथ मान्य किया गया था. बैच के लिए बैच की स्थिरता के लिए जिम्मेदारी निर्माता के साथ निहित है). बता दें कि, 27 अप्रैल को केंद्र ने कहा था कि कोविड-19 रैपिड एंटीबॉडी परीक्षण किटों की आपूर्ति के संबंध में "एक भी रुपया नहीं खोया" है, जबकि प्रदर्शन के तहत दो चीनी कंपनियों के उपकरण के शिपमेंट को रद्द कर दिया गया था. सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को भेजी गई एक एडवाइजरी में आईसीएमआर ने कहा था कि " क्षेत्र की परिस्थितियों में गुआंगजौ वोंडो बायोटेक और झुहाई लिवजोन डायग्नोस्टिक्स की किट का मूल्यांकन किया है. अच्छे प्रदर्शन के शुरुआती वादे के बावजूद, परिणामों ने उनकी संवेदनशीलता में व्यापक बदलाव दिखाया है." दरअसल, परीक्षण तकनीक का उपयोग उन लोगा. के रक्त में एंटीबॉडी का पता लगाने के लिए किया जाता है, जिन्हें कोरोना वायरस संक्रमण हो सकता था.

## स्तन कैंसर में फायदेमंद मछली का तेल

महिलाओं में स्तन कैंसर एक गंभीर समस्या है. स्तन कैंसर महिलाओं को ज्यादातर 40 साल के बाद होता है. स्तन कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में वक्ष में एक छोटी सी गाँठ होती है. यह धीरे-धीरे बढ़ती जाती है. स्तन कैंसर से पीड़ित महिलाओं को टैमोक्सिफेन नाम की दवा दी जाती है. हाल ही में हुए रिसर्च में पता चला है कि स्तन कैंसर में मछली के तेल का सेवन काफी फायदेमंद होता है. **ओमेग-3 फैटी एसिड** - मछली के तेल में ओमेग-3 फैटी एसिड होता है जिसके सेवन से टैमोक्सिफेन दवा से ज्यादा प्रभावी होता है और मछली का सेवन स्तन कैंसर मरीजों के लिए सुरक्षित और फायदेमंद होता है. **रूक जाता है ट्यूमर का विकास**- स्तन कैंसर में टैमोक्सिफेन दवा के साथ मछली का तेल खाने से महिलाओं में ट्यूमर्स का विकास नहीं होता है. **इम्यून सिस्टम भी बनता है मजबूत**- स्तन कैंसर पीड़ित महिलाओं को यदि टैमोक्सिफेन दवा दी जा रही है, तो साथ में उन्हें ओमेगा-3 फैटी एसिड वाला भोजन भी कराएँ. इससे दवा और प्रभावी हो जाती है तथा ट्यूमर का विकास रूक जाता है. मछली के तेल वाला खाना जीन की गतिविधियों को और सक्रिय बनाती है, जिससे इम्यून सिस्टम भी मजबूत होता है. इतना ही नहीं, मछली के सेवन से एलर्जी, जलन आदि की समस्या भी उत्पन्न नहीं होती है. **स्तन कैंसर के लक्षण:-** स्तन कैंसर में स्तन पर या बाहें के नीचे (बगल में) उभार या मोटापन आ जाता है. ● निप्पल से पानी या खून आने लगता है. स्तन कैंसर में निप्पल पर परत या पपड़ी सी बन जाती है. ● निप्पल्स अंदर की ओर धंस जाते हैं. ● स्तन पर लालिमा या सूजन आ सकती है. ● स्तन की गोलाई में कोई बदलाव जैसे एक का दूसरे की अपेक्षा ज्यादा उभर आना ● स्तन की त्वचा पर कोई फोड़ा या अल्सर जो ठीक न होता हो. **बचाव**- अधिक धूम्रपान स्तन कैंसर का कारण हो सकता है. ● शरीर का वजन संतुलित रखकर आप कैंसर का खतरा कम कर सकते हैं. ● रोज व्यायाम करने से स्तन कैंसर होने की संभावना कम होती है. ● मदिरापान का सेवन सीमित करें. ● समय-समय पर मेमोग्राफी कराएँ इससे आपके स्तन में होने वाली गाँठ का पता प्रारंभिक अवस्था में चल जाएगा, जिसका इलाज आसानी से हो सकेगा.

## IIT दिल्ली की रिसर्च का दावा, भारत की आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी करेगी कोविड-19 संक्रमण का उपचार!

अश्वगंधा भारत की आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी में से एक मानी जाती है, जो अब कोविड-19 संक्रमण के खिलाफ उपचार का काम करेंगी. जी हां, यह संक्रमण के खिलाफ उपचारात्मक और इसकी रोकथाम करने वाली एक प्रभावी औषधि हो सकती है. दरअसल, आईआईटी दिल्ली और जापान के एक प्रौद्योगिकी संस्थान के अनुसंधान में यह पाया गया है. बता दें कि, अनुसंधान दल के मुताबिक अश्वगंधा और श्प्रोपोलीसश (मुधमक्खी के छत्ते के अंदर पाया जाने वाला मोमी गोंद) के प्राकृतिक यौगिक में कोरा. नावायरस की रोकथाम करने वाली औषधि बनने की क्षमता है. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), दिल्ली के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख डी सुंदर ने कहा, ष्अध्ययन दल में शामिल वैज्ञानिकों ने अनुसंधान के दौरान वायरस की प्रतिकृति बनाने में मुख्य भूमिका निभाने वाले मुख्य सार्स-कोवी-2 (SARS-CoV-2) एंजाइम को निशाना बनाया. उन्होंने आगे कहा, अनुसंधान के नतीजे न सिर्फ कोविड-19 रोधी औषधियों के परीक्षण के लिए जरूरी समय और लागत को बचा सकते हैं, बल्कि वे कोरोना वायरस महामारी के प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं. इसलिए, इसकी प्रयोगशाला में और चिकित्सीय परीक्षण किए जाने की जरूरत है. दिल्ली के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख डी सुंदर के मुताबिक औषधि विकसित करने में कुछ वक्त लग सकता है, और मौजूदा परिदृश्य में ये प्राकृतिक संसाधन अश्वगंधा और प्रोपोलीस चिकित्सीय महत्व वाले हो सकते हैं.




**Work More Always Smile**

## हिम्मत मत हारो

मन के हारे-हार है! मन के जीते जीत ! आप विश्वास कीजिए, आप से बेहतर कोई नहीं, अपने आप को जानिए, आज के दिन का पूरा उपयोग करें. एक दिन एक किसान का गधा कुएँ में गिर गया. वह गधा कई घंटो से ज़ोर-ज़ोर से रोता रहा और किसान सुनता रहा और विचार करता रहा कि उसे क्या करना चाहिए और क्या नही,अंतत: उसने निर्णय लिया कि गधा काफी बूढा हो चुका था, अत: उसे बचाने से कोई लाभ होने वाला नही था. और इसलिए उसे कुएँ में ही दफना देना चाहिए. किसान ने अपने सभी पड़ोसियो को मदद के लिए बुलाया . सभी ने एक-एक फावड़ा पकड़ा और कुएँ में मिट्टी डालनी शुरू कर दी. जैसे ही गधे की समझ में आया कि यह क्या हो रहा है, वह ज़ोर-ज़ोर से चीखकर रोने लगा . और अचानक फिर वह शांत हो गया. सब लोग चुपचाप कुएँ में मिट्टी डालते रहे. तभी किसान ने कुएँ में झाँका तो वह आश्चर्य मे पड़ गया. अपनी पीठ पर पड़ने वाले हर फावड़े की मिट्टी के साथ वह गधा एक आश्चर्यजनक हरकत कर रहा था. वह हिल-हिल कर उस मिट्टी को नीचे गिरा रहा था और फिर एक कदम बढ़ाकर उस पर चढ़ जाता था. अन्त में वह गधा कुएँ के किनारे पर पहुँच गया और फिर कूदकर बाहर भाग गया. ध्यान रखो कि तुम्हारे जीवन में भी तुम पर बहुत तरह कि मिट्टी फेंकी जायेगी, बहुत तरह की गंदगी तुम पर गिरेगी. जैसे कि, तुम्हे आगे बढ़ने से रोकने के लिए कोई बेकार में ही आलोचना करेगा. कोई तुम्हारी सफलता से ईर्ष्या के कारण तुम्हे बेकार में ही भला बुरा कहेगा. कोई तुमसे आगे निकलने के लिए ऐसे रास्ते अपनाता हुआ दिखेगा जो तुम्हारे आदर्शो के विरूद्ध होंगे. ऐसी स्थिति में तुम्हें हतोत्साहित होकर कुएँ में ही पड़े नही रहना है बल्कि साहस के साथ हिल- हिल कर हर तरह कि गंदगी को गिरा देना है और उससे सीख लेकर, उसे सीढ़ी बनाकर, बिना अपने आदर्शो का त्याग किये अपने कदमों को आगे बढ़ाते जाना है. जीवन मे आगे बढ़ने के लिए याद रखना चाहिए (1) नकारात्मक विचारों को उनके विपरीत सकारात्मक विचारों से विस्थापित करते रहो.(2) आलोचनाओं से विचलित न हो बल्कि उन्हें उपयोग में लाकर अपनी उन्नति का मार्ग प्रशस्त करो. - **परवेज़ अली खान, मो० 9412386917.**







नीरू गर्ग स्वामी की ओर से ब्रजेश कुमार गर्ग द्वारा प्रकाशित, ब्रजेश कुमार गर्ग द्वारा मुद्रित तथा इम्प्रेशंस प्रिंटिंग एण्ड पैकिंग लिमिटिड नोएडा, गौतम बुद्ध नगर में मुद्रित एवं के० पी० रोड, बुलन्दशहर से प्रकाशित, सम्पादक - ब्रजेश कुमार गर्ग




## कोरोना की वैक्सीन पहले अमेरिका भेजेगी फ्रांसीसी दवा कंपनी!

एक इंटरव्यू में फ्रांस के दवा निर्माता कंपनी सैनोफी ने कहा है कि वह अपनी पहली वैक्सीन सबसे पहले अमेरिका को देगा. दरअसल, कुछ हफ्तों पहले एक अमेरिकी अखबार ने खुलासा किया था कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का इस कंपनी में शेयर है. शायद इसी वजह से सैनोफी ने सबसे पहले अमेरिका को अपनी कोरोना वैक्सीन देने की बात कही है. सैनोफी कंपनी के सीईओ पॉल हडसन ने एक इंटरव्यू में ये बात कही. पॉल हडसन ने कहा कि अमेरिका ने कंपनी में काफी निवेश किया है, इसलिए उनका अधिकार बनता है कि वो हमारी कंपनी द्वारा बनाई जाने वाली पहली कोरोना वैक्सीन हासिल करें. पॉल हडसन ने आगे चेतावनी भी दी कि यूरोप इस मामले में पीछे चल रहा है. यूरोप में हालात बहुत खराब हैं. अमेरिका ने फरवरी में ही सैनोफी में और निवेश किया था। साथ ही कंपनी की वैक्सीन के लिए प्री-ऑर्डर भी दिया था. बता दें कि सैनोफी दुनिया की उन सबसे बड़ी कंपनियों में से है, जो इस समय कोरोना वैक्सीन के लिए काम कर रही है.




सैनोफी ने अमेरिका के कहने पर अपनी प्रतिस्पर्धी कंपनी ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन के साथ डील किया है, ताकि दोनों कंपनियां मिलकर साल में 60 करोड़ वैक्सीन बना सकें. वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार ने इस समय ऑपरेशन वार्प स्पीड चला रखा है, जिसके तहत अमेरिका कई दवा कंपनियों को कोरोना वैक्सीन के रिसर्च के लिए फंडिंग कर रही है। हर तरह से मदद दे रही है. अमे. रिका की बायोमेडिकल एडवांस्ड रिसर्च एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी यानी बार्डा (BARDA) ने सैनोफी को कोरोना वैक्सीन पर काम करने के लिए 30 मिलियन डॉलर यानी 226 करोड़ रुपए से ज्यादा दे चुकी है. पहले से ही है सम्बंध... बार्डा का सैनोफी के साथ बहुत पुराना रिश्ता है. अमेरिका ने पिछले साल दिसंबर में सैनोफी इंफ्लूएंजा की वैक्सीन विक. सित करने के लिए 226 मिलियन डॉलर यानी 1705 करोड़ रुपए से ज्यादा दिए थे. कुछ दिन पहले अमे. रिका की एक वेबसाइट पर इस बात का खुलासा किया गया है कि डोनाल्ड ट्रंप आखिर क्यों मलेरिया की इस दवा हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वी के पीछे पड़े हैं। मीडिया संस्थान ने बताया है कि डोनाल्ड ट्रंप का इसमें निजी फायदा है. उस वेबसाइट के अनुसार अगर हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन को दुनियाभर में कोरोना के इलाज के लिए अनुमति मिलती है, तो उससे ये दवा बनाने वाली कंपनियों को बहुत फायदा होगा. ऐसी ही एक कंपनी में डोनाल्ड ट्रंप का शेयर है. साथ ही उस कंपनी के बड़े अधिकारियों के साथ डोनाल्ड ट्रंप के गहरे रिश्ते हैं. वेबसाइट पर लिखा है कि डोनाल्ड ट्रंप का फ्रांस की दवा कंपनी सैनोफी को लेकर व्यक्तिगत फायदा है. कंपनी में ट्रंप का शेयर भी है. ये कंपनी हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन दवा को प्लाकेनिल ब्रांड के नाम से बाजार में बेचती है. मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारी से लड़ने में हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन बेहद कारगर दवा है. भारत में हर साल बड़ी संख्या में लोग मलेरिया की चपेट में आते हैं, इसलिए भारतीय दवा कंपनियां बड़े स्तर पर इसका उत्पादन करती हैं. हालांकि ये दवा एंटी मलेरिया ड्रग क्लोरोक्वीन से थोड़ी अलग दवा है। यह एक टेबलेट है, जिसका उपयोग ऑटोइम्यून रोगों जैसे कि संधिशोथ के इलाज में किया जाता है, लेकिन इसे कोरोना से बचाव में इस्तेमाल किए जाने की बात भी सामने आई है. इस दवा का खास असर सार्स-सीओवी-2 पर पड़ता है. यह वही वायरस है, जो कोविड-2 का कारण बनता है. यही कारण है कि हाइड्रोक्सी क्लोरोक्वीन के टेबलेट्स कोरोना वायरस के मरीजों को दिए जा रहे हैं.




www.medicaldarpan.com




## क्या फार्मा कंपनियां दे रहीं हैं मुनाफे पर ज्यादा ध्यान?

आपने ये तो कई बार सुना होगा कि बड़ी फार्मा कंपनियां ड्रग्स बनाती हैं. दवा पर मालिकाना हक के लिए पेटेंट कराती हैं, तो आपको ये भी पता होना चाहिए कि ये पेटेंट फार्मा कंपनियों को दवाओं की कीमतें नियंत्रित करने की अनुमति देते हैं. दरअसल, इसका मतलब ये होता है कि जिसे भी दवा की जरूरत है, उसे दावा मिल जाए या हो सकता है कि उसे ये दवा मिल ही ना पाए. एक तरफ देखा जाए तो मौजूदा दवाएं हमें इस महामारी के सबसे बुरे दौर से निकाल सकती हैं, लेकिन हो सकता है कि दवा कंपनियां ये दवाएं उन सब को न दें, जिन्हें इनकी जरूरत है, क्योंकि इन दवाइयों की कीमत बहुत ज्यादा है. एक न्यूज पोर्टल की दी गई जानकारी के अनुसार इन उदाहरणों पर गौर करें, सोफोस-बुविर (Sofos-buvir) ये वो दवा है, जिससे हेपेटाइटिस-सी का इलाज किया जाता है. इसे कोविड-19 के संभावित उपचार के रूप में देखा जाता है. इसे बनाने में सिर्फ पांच डॉलर खर्च होते हैं, लेकिन अमेरिका में, इसकी मौजूदा कीमत 18,000 डॉलर से ज्यादा है. सोचने वाली बात है. वहीं, इसी तरह, पीर-फेनी (Pir-feni) के लिए 28 दिनों के इलाज के लिए 31 डॉलर खर्च करने पड़ते हैं, लेकिन अमेरिका में इसकी कीमत करीब 9,600 डॉलर है. 5 डॉलर से 18 हजार डॉलर, 31 डॉलर से सीधा 9,600 डॉलर. इससे फर्क साफ नजर आ रहा है. वैसे देखा जाए तो बड़ी फार्मा कंपनियों पर नजर रखने वालों को उनसे ऐसी ही उम्मीद कोरोना वायरस वैक्सीन उपलब्ध हो जाने पर भी है. दरअसल, एक अमेरिकी पत्रकार हैं, जिन्होंने बड़ी फार्मा कंपनियों की जांच की है. उनका मानना है कि फार्मा दिग्गज इस महामारी को एक अवसर के रूप में देखते हैं, जो उन्हें इस पीढ़ी में नहीं मिला है.




नीरू गर्ग स्वामी की ओर से ब्रजेश कुमार गर्ग द्वारा प्रकाशित, ब्रजेश कुमार गर्ग द्वारा मुद्रित तथा इम्प्रेशंस प्रिंटिंग एण्ड पैकिंग लिमिटिड नोएडा, गौतम बुद्ध नगर में मुद्रित एवं के० पी० रोड, बुलन्दशहर से प्रकाशित, सम्पादक - ब्रजेश कुमार गर्ग